राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित "पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता" हेतु आवश्यक दिशा–निर्देशः–

देश में 24 जनवरी को हर साल राष्ट्रीय बालिका दिवस के तौर पर मनाया जाता है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2008 में इसकी शुरुआत की थी। लिंग के आधार पर हो रहे भेदभाव को खत्म करने और महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरुआत की गई। इसके उद्देश्य की बात करें तो कुल मिलाकर यह लड़कियों को समान अधिकार देने से संबंधित है। लड़कियों को जिन असमानता का सामना करना पड़ता है, उनको दुनिया के सामने लाना और लोगों के बीच बराबरी का अहसास पैदा करना, लड़कियों के अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण समेत कई अहम बिषयों पर जागरूकता पैदा करना है। लैंगिक भेदभाव बहुत बड़ी समस्या है। लड़कियों को शिक्षा, कानूनी अधिकार और सम्मान जैसे मामले में असमानता का शिकार होना पड़ता है। देश भर में इस मौके पर तरह–तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होता है।

1. पोस्टर पूर्णतया "भ्रूण लिंग परीक्षण को कहें 'ना'" के संबंध में ही होनी चाहिए।
2. प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य की केवल वहीं छात्राएं भाग ले सकेगी जो वर्तमान में कक्षा 6 से कक्षा 10 में अध्ययनरत् है।
3. प्रतिभागी छात्रा द्वारा पोस्टर के पृष्ठ भाग पर स्वयं का नाम, पिता का नाम, कक्षा, विद्यालय का नाम, निवास स्थान, मोबाइल नम्बर अंकित किया जाना आवश्यश्क है।
4. प्रतियोगिता की प्रविष्टियां पीडीएफ या जेपीजी प्रारूप में वाट्सअप नम्बर 9799997795 पर 24 जनवरी, 2021 सायं 5 बजे तक भेजें।
5. प्रतियोगिता का परिणाम दिनांक 01 फरवरी, 2021 को घोषित किया जायेगा एवं विजेता प्रतिभागी को परिणाम की जानकारी दूरभाष पर दी जायेगी।
6. श्रेष्ठ 3 विजेता प्रतिभागियों को दिनांक 10.2.2021 10.02.2021 को पुरूस्कार वितरण के समय स्वयं द्वारा बनाया गया मूल पोस्टर मय स्वयं की स्वीकारोक्ति एवं राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापन प्रस्तुत करना होगा।
7. बनाये गये पोस्टर के पीछे के भाग पर "यह पोस्टर पूर्णतया मेरे द्वारा दिनांक 24 जनवरी, 2021 को बनाया गया है।", की स्वीकारोक्ति प्रतिभागी छात्रा द्वारा होनी चाहिये और यह किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा सत्यापित होनी चाहिये।

www.rajteachers.com

18/1/21

(शालिनी सक्सेना RPS)
परियोजना निदेशक (पीसीपीएनडीटी) एवं
अति. पुलिस अधीक्षक (पीसीपीएनडीटी)
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ
राजस्थान जयपुर